


# मझगवां के खेरवा में संचालित क्रेशर के खिलाफ ग्रामीण हुए लामबंद

## 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण होंगे आंदोलन के लिए बाध्य

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 27 अगस्त। सतना जिले के मझगवां तहसील की ग्राम पंचायत भियामाऊ के ग्राम खेरवा में संचालित मेसर्स चित्रकूट क्रशिंग कार्पोरेशन खेरवा स्टोन माइन के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। आज मंगलवार को करीब 2 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मेसर्स चित्रकूट क्रशिंग कार्पोरेशन खेरवा स्टोन माइन के खिलाफ सतना जन सुनवाई मे कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। दरअसल, खेरवा मे ग्रामीणों ने खनन एवं स्टोन क्रेशर की स्वीकृति पर आपत्ति दर्ज की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा इस संचालित प्रोजेक्ट एवं खनन को बंद किया जाए।**

जन सुनवाई में अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि पहले से खेरवा मे एक क्रेशर संचालित है जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है, अब दूसरा क्रशर



खोलने से लोगों का जन जीवन मुश्किल मे पड़ जाएगा। इन आपत्तियों मे वायु प्रदूषण, हैवी ब्लास्टिंग, पानी की कमी और फसल नष्ट होने जैसी समस्याएं शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस परियोजना को तुरंत रोक दिया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि क्रशर प्लांट से निकलने वाले धूल के गुबार से आसमान काला पड़ जाता है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है और दमा, श्वास, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नियम विरूध तरीके से चल रही इस क्रशर को बंद कराया जाए और अब कोई भी खनन की स्वीकृति न दी जाए।

**हैवी ब्लास्टिंग**-पत्थर निकालने के लिए की जाने वाली हैवी ब्लास्टिंग से आसपास के खेतों और घरों में बड़े पत्थर गिरते हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है।

**पानी की कमी**-क्रशर प्लांट की खुदाई से पानी के स्रोत खुल गए हैं, जिससे कुएं, बावड़ी और नल-पनघट सूख जाते हैं और ग्रामीणों को पानी के लिए दूर जाना पड़ता है।

**फसल नष्ट होना**-क्रशर प्लांट से उड़ती धूल फसलों पर पड़ती है, जिससे पैदावार न के बराबर होती है और किसानों का जीवन यापन खतरे में पड़ जाता है।

# तो क्या राम मंदिर के पैसे को निजी फर्म में इस्तेमाल कर आर्थिक मुनाफा कमाया गया

## मार्च 2024 के मंदिर के पैसों को किस्तों में अगस्त 2024 में निजी होटल के बैंक खाते से लौटाया

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 अगस्त। धर्म के नाम पर हेराफेरी कर पैसे कमाने की आदत ने लोगों को इतना नीचे गिरा दिया गया है कि अब नगर की कटरा बाजार गल्ला मंडी स्थित श्री राम जानकी मंदिर को पुनर्निर्माण करा रही श्री राम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष की विचित्र कार्यशैली अब नगर में चर्चा का विषय बन चुकी है।**

बताया जा रहा है कि मंदिर की पुरानी इमारत में बनी किराये की दुकानों के किरायेदारों से मार्च 2024 में निर्धारित शुल्क लेकर नया एग्रीमेंट किया गया था। इन नए एग्रीमेंट से प्राप्त राशि को तत्काल मंदिर के खाते में जमा किया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नही किया गया। उक्त राशि में से लगभग 2 लाख की रकम वर्तमान अध्यक्ष द्वारा तत्काल नहीं जमा की गई और सदस्यों के बार-बार बोलने पर उक्त राशि को लगभग 5 माह के बाद कई किस्तो में मंदिर के एचडीएफसी बैंक खाते में ''होटल जगमणि पैलेस'' के खाते से ट्रांसफर किया गया जिसे बैंक स्टेटमेंट में साफ-




साफ होटल जगमणि पैलेस के एंट्री देखी जा सकती है इस मामने को लेकर नगर में चर्चा है कि उक्त राशि को मार्च 2024 से अगस्त 2024 तक वर्तमान अध्यक्ष द्वारा उनकी फर्म ''जगमणि पैलेस'' में इस्तेमाल किया गया और आर्थिक मुनाफा कमाया गया है। अध्यक्ष की होटल जगमणि पैलेस में 2024 में बियर बार भी संचालित था। इसके पहले भी अध्यक्ष की पिछली कहानियां काफी चर्चित हो रही है। अब चर्चा यह भी है कि देश में स्थित प्राचीन मंदिरों को धरोहरों के रूप में संरक्षित किया जा रहा है वहीं इस कलात्मक मंदिर को अपने मुनाफे के लिए इसको तो?वाकर ऐतिहासिक मंदिर को गिरा दिया गया है और इस मंदिर की आ? में लंबा खेल खेला जा रहा है। जनता तो अब यह भी कहने लगी है कि मंदिर समिति के अन्य ईमानदार सदस्यों की ऐसी क्या मजबूरी है कि इतना हेरा फेरी करने के बावजूद वर्तमान अध्यक्ष अब तक पद में बना हुआ है अगर कोई मजबूरी नहीं है तो प्रस्ताव पारित कर उसे हटाया क्यों नहीं जा रहा और नए समिति बनाई जाए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके साथ ही मंदिर का निर्माण भी शीघ्र हो सके ।यह भी चर्चा में है कि मंदिर की ऐतिहासिक सामग्रियां भी लापता हो गई है या गायब कर दी गई है जो जांच में पता चलेगा क्यों कि पुरानी सामग्रियों का लिखित ब्यौरा रखा हुआ है।

# छात्राओं के लिए बने शौचालय में लगा ताला

नवभारत न्यूज

**मझगवां 27 अगस्त। माध्यमिक विद्यालय खैरवार मझगवां जन शिक्षा केंद्र नकैला जनपद पंचायत मझगवां मुख्यालय ?से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित विद्यालय में शौचालय जब से बना आज तक नहीं खुला।**

यह शौचालय झाड़ियों के बीच बना है। छात्राओं के लिए बने शौचालय में ताला लटक रहा है ?। साफ सफाई का पैसा कहां जाता है इसका किसी को पता नहीं है जिसमें आज तक अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी क्योंकि पिछड़ा क्षेत्र है यहां के बच्चे सुविधाओं से



वंचित रहते हैं। ? शिक्षक विभाग की जवाबदार अधिकारी एवं कर्मचारी कभी फील्ड में नहीं जाते सिर्फ कागज में ही निरीक्षण होता है इसके बाद भी सरकार ?पर आरोप लगा रहे हैं शिक्षक विभाग छात्र संख्या के आधार पर साफ सफाई का पैसा आता है कहां जाता है जांच का विषय है।

## एक नजर में



### बाईपास अंडर ब्रिज में भरा रहता है पानी

**रामपुर बाघेलान।** रामपुर बघेलान के हनुमानगंज से जमुना की तरफ जाने वाली सड़क में सगौनी में बने बाईपास अंडर ब्रिज के नीचे बरसात में डेढ़ से दो फीट पानी भरा रहता है । इस कारण पैदल और मोटरसाइकिल से निकलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गाड़ियों में पानी भर जाता है। प्रशासनिक अमले की सुस्ती के चलते बरसाती पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही।



### महिला मोर्चा ने किया जीतू पटवारी के पुतले का दहन

**मैहर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा प्रदेश की महिलाओं के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर आज मैहर भारतीय जनता पार्टी की महिलाओं के द्वारा जीतू पटवारी का घंटाघर चौराहे में पुतला दहन किया गया साथ ही जीतू पटवारी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित काफी संख्या में महिला मोर्चा एवं भाजपा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



### कृषि आदान व्यापारियों ने नागौद विधायक को ज्ञापन सौंपा

**नागौद।** कृषि आदान विक्रेता संघ नागौद के द्वारा नागौद विधायक नागेंद्र सिंह दाऊ साहब को ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में सभी व्यापारियों को व्यापार में आने वाले समस्याओं से अवगत कराया गया। ज्ञापन में उर्वरक में होने वाले टैगिंग के सम्बंध में, बीज ,उर्वरक , पेस्टिसाइड के स्त्रोत प्रमाण पत्र के लाइसेंस के संबध में , किसानों को प्राप्त मात्रा में उर्वरक न मिलने के संबध में , गांव गांव बिना लाइसेंस खाद की बिक्री करने वाले के ऊपर कार्यवाही के संबध में मांग रखी गई ? ।इस अवसर पर नागौद ब्लाक के सभी व्यापारी बंधु उपस्थित रहे । सभी ने मिलकर ज्ञापन दिया। सभी ने अपनी अपनी बाते रखी । समस्याओं को सुनने के लिए व्यापारियों ने विधायक जी का आभार जताया। विधायक जी ने इस विषय में अधिकारियों में चर्चा करके व्यापारियों को आने वाली समस्याओं का समाधान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

### हैण्डपंप में अतिक्रमण से पेयजल समस्या

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम अजवाइन में शासकीय हैंडपंप पर अतिक्रमण करने से ग्रामीणों को पेयजल की परेशानियों को सामना करना प? रहा है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज



कर हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई है लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अमला अब तक मौन है जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्या 'है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण हैंडपंप का उपयोग प्रभावित हो रहा है और पानी की समस्या गंभीर हो गई है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने की अपील की है ताकि सभी लोग सहज रूप से पेयजल का लाभ ले सकें।



# हर आवासहीन को मिलेगा मकान :विक्रम सिंह

## 40 हितग्राहियों को मिली आवास की चाबी

नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 27 अगस्त। हर आवासहीन हितग्राहियों को मिलेगा पक्का मकान उक्त बाते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह विक्की ने कही।**

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर गरीब की मदद के लिए कदम से कदम मिला कर चलेगी ।गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के 40 हितग्राहियों को मकान की चाबी दी गई। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव, पार्षद शिवांक त्रिपाठी, उमेश विश्वकर्मा, शिव मोहन सिंह,विश्वजीत कुशवाहा, अभिषेक खरे, राम विश्वास कुशवाहा, आकाश सेन, संदीप वर्मा, सुखलाल बंसल आदि उपस्थित रहे।

# जुआं फड में छापा, 3 जुआड़ी गिरफ्तार ,2 फड़ संचालक फरार

## 45100 रुपए नगद एक चार पहिया वाहन और मोबाइल बरामद

नवभारत न्यूज

**नागौद 27 अगस्त। थाना नागौद पुलिस ने ग्राम हिलौंधा में जुआं फड में छापामार करके 45100 रू नगदी ,एक आर्टिका चार पहिया गाडी व मोबाईल फोन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 26.08.25 भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना मिली की सौरभ सिंह परिहार और बालेन्द्र बागरी के साथ मिलकर ग्राम हिलौंधा झोपड़ी के पास बाहरी लोगों को बुलाकर ताश पत्ती से रूपये पैसो की बाजी लगाकर जुआं खेला जा रहा है । इस सूचना पर नागौद पुलिस ने दबिश देकर जुआं खेलते हुए जुआडी संजय अग्रवाल पिता



स्व. गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल उम्र 58 वर्ष निवासी धौबिया टंकी के पास कटरा मोहल्ला रीवा थाना सिटी कोतवाली रीवा, सलमान खान पिता मकबूल खान उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम निपनिया वार्ड क्र. 01 थाना सिटी कोतवाली रीवा एवं राकेश साहू पिता छोटे लाल साहू उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम निपनिया वार्ड नं. 01 थाना सिटी कोतवाली रीवा को गिरफ्तार किया गया व जुआ खिलाने वाले सौरभ सिंह परिहार व बालेन्द्र बागरी पुलिस को देखकर एवं अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गये ।

पकडे गये जुआरियो से कुल फड़ व पास से 45,100/- रुपये तथा ताश के 52 पत्ते एवं घटना स्थल से एक अदद लाल गुलाबी रंग का ऊनी कम्बल तथा एक अदद सफेद रंग की मारुती सुजुकी आर्टिका गाड़ी जिसका नम्बर एमपी 17 जेड एन 7603 को मौके जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया ।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी अशोक पाण्डेय उपनिरी आर एस अहिरवार, सउनि. श्यामलाल रावत, प्रआर संदीप पाण्डेय, प्रआर. संजय मिश्रा, प्रआर आशीष दुबे, प्रआर. महेन्द्र साकेत, प्रआर. अभिषेक पाण्डेय, आर किशन सिंह, नरेन्द्र लोवंशी, सचिन दास, सुरेन्द्र पटेल व सैनिक रूद्री प्रसाद शामिल रहे।

# नगर परिषद कार्यालय कोठी में विराजे गणपति बप्पा

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 अगस्त। गणेश चतुर्थी पर्व के पावन अवसर पर आज कोठी कार्यालय में श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई।**

वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद के सीएमओ संजय सिंह, नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुखवंती बुनकर सहित नगर परिषद के कर्मचारियों की मौजूदगी में आज गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर गणेश



पूजन एवं उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया पूजन उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया एवं नगर परिषद सहित नगर के सुख समृद्धि की कामना की गई है इस अवसर पर विक्रांत राज खटीक नीरज त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी एनडी तिवारी माधुरी सोनी सहित अन्य नगर परिषद के कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम बिहरा में जलशयन का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोटर 27 अगस्त। ग्राम बिहरा खम्भरिया में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान के जलशयन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सतीश पांडेय थे ।**

क्षेत्र के वरिष्ठ कलाकारों द्वारा संगीतमय रामायण और श्री कृष्ण जी के भजनों के माध्यम से भाव विभोर कर दिया। हरितालिका तीज में महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती है । इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिसमें प्रमुख रूप से दयाशंकर पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, बद्री प्रसाद



तिवारी, यदुनाथ प्रसाद पाठक, पंकज द्विवेदी, शिवानंद तिवारी, विनोद तिवारी, रामकिशोर सिंह ,धीरेंद्र कुमार द्विवेदी (गुड्डू भैया), विष्णु पाठक, बबलू त्रिपाठी, मुकुटधारी कुशवाहा, रामकिशोर शुक्ला, नंदकिशोर शुक्ला, लक्ष्मण सिंह, रामाधार सोनी, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे भगवान के जल शयन में शामिल हुए ।

# आज 21 दिन की उमरा यात्रा पर रवाना होंगे पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम

नवभारत न्यूज



**कोठी 27 अगस्त । पहले ही एक बार हज की यात्रा कर चुके कोठी के समाजसेवी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पति एवं वर्तमान पार्षद वार्ड क्रमांक 4 हाजी मोहम्मद इकराम गुरुवार 28 अगस्त को सायं 4 बजे कोठी से उमरा यात्रा के लिए रवाना होंगे।**

अपने गृह क्षेत्र कोठी से कार द्वारा जबलपुर हवाई अड्डे के लिए अपने सभी समाज के लोगों की मौजूदगी रवाना होंगे एवं वहां से 29 अगस्त को जत्थे के साथ प्लेन द्वारा अरब देश के लिए निकलेंगे एवं 21 दिन की यात्रा कर अरब देश से वापस 18 सितंबर को लौटेंगे मुस्लिम समाज सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों ने उनकी यात्रा पर हर्ष व्यक्त किया है।

# अमरपाटन विधायक डॉ . राजेन्द्र कुमार सिंह ने मोहम्मद एहसान को बनाया विधायक प्रतिनिधि

नवभारत न्यूज

**रामनगर 27 अगस्त। अमरपाटन वधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता मोहम्मद एहसान खान विपणन समिति सहकारिता विभाग रामनगर का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।**

जारी पत्र के अनुसार विधायक प्रतिनिधि के रूप में मोहम्मद



एहसान अब विभाग से संबंधित बैठकों और कार्यों में विधायक की ओर से भाग लेंगे। उन्हें इस दायित्व के निर्वहन हेतु अधिकृत किया गया है। मोहम्मद अहसान को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर लल्लन उरमारिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, मनोज सिंह गुड्डू ब्लॉक उपाध्यक्ष, सुदर्शन पटेल मिस्टर भाई, नगर परिषद अध्यक्ष दीपा दीपू मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश्वर प्रसाद पटेल, जगदीश प्रसाद पटेल ,महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी रामसुमिरन कुशवाहा ,गोमती प्रसाद पटेल, हसीनुद्दीन सिद्दीकी पुन्नू भाई एवं नगर परिषद के सभी पार्षद गण पप्पू श्रीवास्तव इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

# चित्रकूट के विकास को लेकर साधु संतों ने दिखाई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 27 अगस्त। में चल रहे में विकास कार्यों में साधू संतों को प्रशासन द्वारा अहमियत न दिए जाने को लेकर अपनी नाराजगी दिखाते हुए कहा कि चित्रकूट के विकास कारों में साधु संतों को प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।**

जिसके चलते साधु संतों में



रोस व्याप्त साधु संतों की को दूर करने के लिए प्रशासन व साधुसंतों की एक बैठक मंदाकिनी रिजॉर्ट में भाजपा सरकार के सतना सांसद गणेश सिंह विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पांडेय वही प्रशासनिक अधिकारी मझगवां एसडीएम पै महिपाल सिंह गुर्जर के साथ मंदाकिनी रिजॉर्टमे आयोजित की गई जिसमें चित्रकूट के प्रमुख महत्तो तथा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी और साधू संत मौजूद जिनमें प्रमुख रूपसे संत समाजकी और सेमुख रूप से रामयणीकुटीके महंत राम हृदय दास संतोषी अखाड़ा के महंत रामजी दास सीता शरण दास संकदिक महाराज इक्केदी के महंतसत्य प्रकाश दास के अलावा दर्जनों महंत उपस्थित रहे। लगातार बैठकों से ऊबे कुछ बड़े संत महंत बनाई बैठक से दूरी ।बैठक में नहीं पहुंचे महंत राम जी दास महाराज महाराज मदन गोपाल दास जी महाराज।

# युवा व्यवसायी पीयूष अग्रवाल बनाए गए स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर



**कोठी ।** नगर के युवा व्यवसायी पीयूष अग्रवाल को नगर परिषद कोठी का स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। नगर परिषद सीएमओ संजय सिंह ने पत्र जारी सूचित किया है।